an>

Title: Need to take steps to provide environment clearance for completion of NH28B connecting Bihar and UP.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): माननीय अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया।

महोदया, आज मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरने वाले एकमात्र नेशनल हाईवे 28-बी का, 97.00 किलोमीटर से लेकर 112 किलोमीटर तक पर्यावरण विभाग से एनओसी अभी तक नहीं मिला है, जिसके कारण नेशनल हाइवे का विकास कार्य और यातायात नहीं हो पा रहा है। इसके चलते लाखों यात्री रोजाना परेशान हो रहे हैं और राजस्व की भारी क्षति हो रही है।

महोदया, मैं सदन के माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री महोदय का ध्यान आकर्Âिषत करते हुए कहना चाहता हूं कि दो प्रदेशों को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण हाइवे के निर्माण और विकास के लिए माननीय पर्यावरण मंत्री, भारत सरकार से समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही एनओसी दिलवाने का प्रयास करें। यदि यह संभव नहीं हो, तो इसकी वैकल्पिक व्यवस्था करें।

महोदया, यह मार्ग उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ता है। इस मार्ग के बगल में नेपाल है। वहां से भी बहुत से यात्री आते-जाते हैं और यह क्षेत्र महात्मा गांधी जी कर्मस्थली है। इसलिए इसे शीघ्र एनओसी दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सतीश चन्द्र दूबे द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।